भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 735

गुरुवार, 07 दिसम्बर, 2023(16 अग्रहायण, 1945 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

*****

<u>पूर्वोत्तर क्षेत्र में कार्यशील विमानपत्तन</u>

735. श्री विनसेंट एच. पाला:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों में कार्यशील/अकार्यशील विमानपत्तनों का ब्यौरा क्या है और इन विमानपत्तनों के कार्यशील न होने के क्या कारण हैं;

(ख) कितने विमानपत्तन निर्माणाधीन हैं और इनका निर्माण कार्य कब तक पूरा कर लिए जाने की संभावना है;

(ग) अब तक निजीकृत किए गए विमानपत्तनों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्रत्येक विमानपत्तन में स्वीकृत और रिक्त पदों की संख्या राज्य-वार कितनी है?

<u>उत्तर</u>

<u>नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डा.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)</u>

(क): उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (एनईआर) राज्यों में कार्यशील/अकार्यशील हवाईअड्डों का विवरण अनुबंध-I के रूप में संलग्न है;

(ख): भारत सरकार ने देशभर में 21 नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों की स्थापना के लिए 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान की है, जिनमें गोवा में मोपा, महाराष्ट्र में नवी मुंबई, शिरडी और सिंधुदुर्ग, कर्नाटक में कालाबुरागी, विजयपुरा, हसन और शिवमोगा, मध्य प्रदेश में डबरा (ग्वालियर), उत्तर प्रदेश में कुशीनगर और नोएडा (जेवर), गुजरात में धोलेरा और राजकोट, पुडुचेरी में कराईकल, आंध्र प्रदेश में दगदरथी, भोगापुरम और ओरवाकल (कुर्नूल), पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर, सिक्किम में पाक्योंग, केरल में कन्नूर और अरुणाचल प्रदेश में होलोंगी (ईटानगर)देशभर में शामिल हैं। इनमें से 12 ग्रीनफ़ील्ड हवाईअड्डे नामत: दुर्गापुर, शिरडी, कन्नूर, पाक्योंग, कालाबुरागी, ओरवाकल (कुर्नूल), सिंधुदुर्ग, कुशीनगर, ईटानगर, मोपा, शिवमोग्गा और राजकोट में प्रचालन शुरू हो गया है। हवाईअड्डों के पूरा होने की समय-सीमा, संबंधित हवाईअड्डा विकासकर्ता द्वारा भूमि अधिग्रहण, अनिवार्य क्लियरेंस, बाधाओं को दूर करना, वित्तीय समापन आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है।

(ग): आज तक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने अपने आठ हवाईअड्डों नामत: दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, अहमदाबाद, मंगलुरु, जयपुर, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम को, इनके बेहतर प्रचालन, प्रबंधन और विकास के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के

तहत पट्टे पर दिया है। वर्तमान में इन हवाईअड्डों को चलाने वाली कंपनियों का विवरण इस प्रकार है:

(1) इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, नई दिल्ली - मेसर्स दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल)।

(2) छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, मुंबई - मेसर्स मुंबई इंटरनेशनलएयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल)

(3) चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, लखनऊ - मेसर्स लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एलआईएएल)

(4) सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, अहमदाबाद - मेसर्स अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एआईएएल)

(5) मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा - मेसर्स मंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमएआईएएल)

(6) जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा - मैसर्स जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जेआईएएल)

(7) लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, गुवाहाटी - मेसर्स गुवाहाटी इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीआईएएल)

(8) तिरुवनंतपुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा - मेसर्स टीआरवी-केरल इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (टीआईएएल);

(घ): एनईआर में हवाईअड्डों के स्वीकृत और रिक्त पदों का विवरण अनुबंध-II के रूप में संलग्न है।

******

लोकसभा के दिनांक 07.12.2023 अतारांकित प्रश्न संख्या 735 के भाग (क) के उत्तर से संबंधित अनुबंध-।

एनईआर में प्रचालनिक/गैर-प्रचालनिक हवाईअड्डे

[illegible].[illegible].	[illegible]	[illegible]	[illegible] ([illegible] / [illegible]-[illegible])
1.	[illegible]	[illegible] ([illegible])	[illegible]
2.		[illegible] ([illegible])	[illegible]
3.		[illegible]	[illegible]
4.		[illegible]	[illegible]
5.		[illegible]	[illegible]-[illegible]
6.	[illegible]	[illegible] ([illegible])	[illegible]
7.		[illegible] ([illegible])	[illegible]
8.		[illegible]	[illegible]
9.		[illegible] ([illegible])	[illegible]
10.		[illegible]	[illegible]
11.		[illegible]	[illegible]
12.		[illegible]	[illegible]
13.	[illegible]	[illegible]	[illegible]
14.	[illegible]	[illegible] ([illegible])	[illegible]
15.		[illegible]	[illegible]-[illegible]
16.	[illegible]	[illegible] ([illegible])	[illegible]
17.		[illegible] ([illegible])	[illegible]-[illegible]
18.	[illegible]	[illegible]	[illegible]
19.	[illegible]	[illegible]	[illegible]
20.	[illegible]	[illegible]	[illegible]
21.		[illegible]	[illegible]-[illegible]
22.		[illegible]	[illegible]-[illegible]
23.		[illegible]	[illegible]-[illegible]

लोकसभा के दिनांक 07.12.2023 अतारांकित प्रश्न संख्या 735 के भाग (घ) के उत्तर से संबंधित अनुबंध-II

राज्य	हवाईअड्डे	कुल		
		स्वीकृत पद	भरे हुए पद	रिक्त पद
असम	आरएचक्यू-एनईआर/गुवाहाटी	514	374	140
	डिब्रूगढ़	108	66	42
	जोरहाट	21	7	14
	लीलाबारी	48	31	17
	रूपसी	11	13	-2
	सिलचर	46	18	28
	तेजपुर	19	3	16

अरुणाचल प्रदेश	ईटानगर	32	41	-9
	तेजु	13	18	-5
मिजोरम	आइजल	29	0	29
	लेंगपुई	53	35	18
त्रिपुरा	अगरतला	142	105	37
मेघालय	बारापानी (शिलांग)	45	27	18
नगालैंड	दीमापुर	87	54	33
मणिपुर	इम्फाल	88	87	1
कुल		**1256**	**879**	**377***

* इन रिक्तियों को भरने संबंधी, भर्ती की अधिसूचना भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा जारी कर दी गई है।